दिनांक 16/01/2017 को अग्रवाल महाविद्यालय, बल्लबगढ़ में प्रबंधन विभाग के तत्वावधान में एक कार्यशाला आयोजित की गयी जिसका विषय था- ' Geographic Information System & Remote Sensing ' I यह कार्यशाला एन पी टी आई के सहयोग से संपन्न हुई I महाविद्यालय प्राचार्य डॉ कृष्णकांत गुप्ता जी के मार्गदर्शन में प्रबंधन विभागाध्यक्षा डॉ शिल्पा गोयल द्वारा सफलतापूर्वक आयोजित कराई गयी I इस कार्यशाला के मुख्य अतिथि श्री संजीत कुमार (फैकल्टी इन जी आई एस एन्ड रिमोट सेंसिंग) थे I

इस कार्यशाला के अन्तर्गत विद्यार्थियों को डिजिटल तकनीक के बारे में बताते हुए उसके प्रयोग एवं भूमिका को स्पष्ट किया गया I साथ ही, इस तकनीक के माध्यम से धन एवं समय बचत कैसे की जा सकती है, इस पर प्रकाश डाला I वर्तमान समय में डिजिटल तकनीक में अनेकानेक स्वर्णिम अवसर भी हैं, विद्यार्थियों को यह भी बताया है I इस कार्यशाला से विद्यार्थी लाभान्वित हुए I यह कार्यशाला दो घंटे तक चली I